तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025



12 प्रारंभ हुआ एफएलएन प्रशिक्षण, 2300 से अधिक प्राथमिक...





12 प्राकृतिक खेती अपनाओ- जीवन, पृथ्वी, जल और वातावरण...




## खबर संक्षेप

### बलिदान दिवसः बंदा वीर बैरागी को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** बैरागी सभा द्वारा महान योद्धा बंदा वीर बैरागी के बलिदान दिवस पर सेक्टर सात स्थित कम्युनिटी सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली मुख्य अतिथि रहे। समारोह में जींद के युवा अधिकारी लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अशोक कुमार को सम्मानित किया गया। धर्मशाला के अध्यक्ष सत्यवान दुभेटा ने कहा कि अशोक कुमार समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस मौके पर बैरागी सभा के प्रदेश अध्यक्ष शिव पवार, राजकुमार बैरागी, सत्यवान, प्रदीप सांगवान, राजू विरमानी, सुरेंद्र बैरागी रहे।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र गेट 1 के पास बाइक चालक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की मां ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव करहंस, पानीपत निवासी पिंकी ने बताया कि उसका बेटा विशाल अपनी पत्नी को उसके घर छोड़ने बाइक पर दिल्ली गया था। वह अपनी पत्नी को छोड़कर वापस घर आ रहा था। जब वह दोपहर को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के गेट नंबर 1 के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव तिहाड़ मलिक में चोर खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। बिजली निगम के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर कर लिया है। बिजली निगम के एरिया इंचार्ज बालकिशन ने पुलिस को बताया कि तिहाड़ मलिक के रहने वाले जितेंद्र ने सूचना दी थी कि उनके खेत में लगा ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। मौके का निरीक्षण किया तो ट्रांसफार्मर की खाली बाडी खेत में पड़ी थी। चोर ट्रांसफार्मर का तेल और तार निकाल ले गए। शिकायत पर मोहाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### निर्माणाधीन दुकान से लोहे की प्लेट चोरी

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित निर्माणाधीन दुकान से चोर लोहे की प्लेट चोरी कर ले गए। दुकान मालिक ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में शेखपुरा निवासी विक्रम ने बताया कि जीटी रोड स्थित प्रिंस ढाबे के पास प्लाट में निर्माण कार्य कर रहा है। उसके प्लाट पर लोहे की प्लेट रखी थी। जो कि 7 जून की रात को चोर 29 लोहे की प्लेट चोरी कर ले गए। बड़ी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तारीफ निवासी नुंह मेवात का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाथूपुर निवासी राकेश ने गत 12 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पास काम करने वाले चालक दीपक ने काम खत्म होने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली को कार्यालय के बाहर खड़ा कर दिया।

# महाशय चौ. खजान सिंह छिक्कारा की 13वीं पुण्यतिथि पर हवन कर किया याद

- जुआं स्थित आर्ष गुरुकुल में आयोजित की गई स्मृति सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सुविख्यात शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण अंचल में संस्कारों के पोषक महाशय चौ. खजान सिंह छिक्कारा की 13वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को गांव जुआं स्थित आर्ष गुरुकुल में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रोहतक से पधारे आचार्य बलबीर रहे, जिन्होंने महाशय चौ. खजान सिंह छिक्कारा के जीवन से लेकर आर्य समाज की प्रमुख शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं को जागरूक किया।

इस दौरान आचार्य बलबीर और आर्ष गुरुकुल के संचालक आचार्य वेदनिष्ठ के ब्रह्मत्व में यज्ञ का आयोजन भी किया गया। यज्ञ में वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए सर्व समाज के कल्याण की मंगलकामनाएं की गई। हवन यज्ञ में चौ. खजान सिंह छिक्कारा के भाई जय सिंह छिक्कारा के अलावा उनके पुत्र व प्रदेश के सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। वहीं प्रिंसिपल जितेंद्र, प्रिंसिपल राममेहर, डॉ. महाबीर, जसबीर, मा. सुरजीत सिंह, वैद्य सुमित आर्य, प्रताप, संदीप आर्य, पूर्व सरपंच संजय, संजीव आदि ने भी यज्ञ में हिस्सा लेते हुए चौ. खजान सिंह छिक्कारा का स्मरण किया।

## युवा चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का समापन सत्र भी आयोजित

### चरित्र निर्माण शिविर में मनीष रहे प्रथम

इस मौके पर युवा चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का समापन सत्र आयोजित किया गया। आर्ष गुरुकुल में आर्य वीरों का तथा राजकीय कन्या विद्यालय में कन्याओं का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था। इसी का समापन स्मृति सभा के साथ भी किया गया। शिविर में हिस्सा ले रहे आर्य वीरों ने अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ आर्य वीर को सम्मानित किया गया। जिसमें मनीष आर्य प्रथम, आदित्य आर्य द्वितीय और विवेक आर्य तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान राजकीय कन्या स्कूल जुआं की छात्राएं भी शामिल रहीं, जिन्हें सम्मानित भी किया गया।



सोनीपत। जुआं स्थित आर्ष गुरुकुल में आयोजित चौ. खजान सिंह छिक्कारा की स्मृति सभा में हवन करते हुए जय सिंह छिक्कारा, डॉ. कुलबीर छिक्कारा एवं अन्य।



सोनीपत। स्मृति सभा के दौरान उपस्थित आर्य वीर और वीरांगनाओं को संबोधित करते हुए आचार्य बलबीर साथ में आचार्य वेदनिष्ठ।

### उदाहरण देकर बताया गीता कर्मयोग का अर्थ

कार्यक्रम में आचार्य बलबीर ने गीता कर्मयोग का अर्थ समझाते हुए कहा कि अगर हम अपना हर कार्य ईश्वर को समर्पित कर करेंगे तो कर्मयोग के मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक राजा जोकि धार्मिक और ईमानदार था उससे मिलने के लिये उसके गुरु पहुंचें थे। राजा को चिंतित देख गुरु ने कारण पूछा तो राजा ने उत्तराधिकारी ना होना बताया। इस पर कुछ समय बाद गुरु ने कहा कि वो खुद को उत्तराधिकारी प्रस्तुत करते हैं। इस पर राजा ने मंत्रीमंडल के साथ बैठक कर अपने गुरु को राजा बना दिया। राजा बनने के बाद गुरु ने राजा से पूछा कि अब आप जीवन यापन कैसे करेंगे तो राजा ने बताया कि नौकरी करेंगे। इस पर गुरु ने राजा को अपने राज्य में राजा की नौकरी का प्रस्ताव दिया। जिस पर राजा मान गया और गुरु अपने गंतव्य की ओर चले गए। कुछ माह बाद जब गुरु वापस राज्य में पहुंचें तो पाया कि जनता और खुश है तथा राजा भी निश्चिंत हैं। आचार्य बलबीर ने इस उदाहरण से समझाया कि पहले राजा खुद का काम मानकर राज्य चलाता था, लेकिन अब वो गुरु का काम मानकर राज्य चला रहा है। इसी तरह से अगर हम अध्यापक, पुलिस, सरकारी अधिकारी या कोई भी काम करते हैं, उसे यह मानकर करें कि यह जिम्मेदारी परमात्मा ने दी है तो स्पष्ट तौर पर कर्मयोग के मार्ग पर चलेंगे।

## 13 के बाद मौसम में आंशिक बदलाव, 15 के बाद बारिश के हैं आसार

# भीषण गर्मी से झुलसा सोनीपत 45 डिग्री के पार पहुंचा तापमान

मौसम विभाग का पूर्वानुमान अभी तीन दिन मौसम रहेगा शुष्क, और ऊंचाई छू सकता है तापमान, गर्मी की वजह से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में भीषण गर्मी का कहर जारी है। शहर में गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकतम तापमान भी रोजाना नए रिकॉर्ड बना रहा है। सोमवार को रिकॉर्डतोड़ अधिकतम तापमान दर्ज किए जाने के बाद मंगलवार को तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिसके बाद अधिकतम तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया है, जोकि इस सीजन का अधिकतम तापमान है। हालांकि न्यूनतम तापमान तो सोमवार की तरह ही 30 डिग्री पर बना हुआ है। आलम ये है कि सुबह 9 बजे भी जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री पर था। वहीं मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और लू से राहत की उम्मीद नहीं है। ऐसे में तापमान और ऊंचाई छू सकता है। 13 के बाद मौसम में हलकी राहत की उम्मीद है, जबकि 15 जून के बाद मौसम में राहत मिलेगी, प्रदेश में कई जगहों पर बारिश के भी आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और उत्तरी पाकिस्तान पर बने ऊपरी हवा के चक्रवात के चलते बादल छाने और बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है।

- लू चलने के कारण नागरिक अस्पताल में बढ़े मरीज, बिजली कटों से भी परेशानी

### सरस्वती विहार में बिजली कटौती से नाराज लोगों का प्रदर्शन

**सोनीपत।** सरस्वती विहार कॉलोनी, गली नंबर 7 में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज कॉलोनीवासियों ने सोमवार को बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला पार्षद संजय बड़वासनीया के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो गुरुवार को बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिला पार्षद संजय बड़वसनीया ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने के कारण बिजली के तार लगातार जल रहे हैं, जिससे वोल्टेज में गिरावट आ रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही विभाग को आवश्यक व्यवस्थाएं कर लेनी चाहिए थीं, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते अब आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई उपभोक्ताओं ने समय पर एसीडी चार्ज जमा कराए थे, फिर भी उन्हें नियमित बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही। बिजली कट के कारण कई घरों में शॉर्ट सर्किट से कूलर, फ्रिज, इनवर्टर जैसे उपकरण जल गए, जिससे कॉलोनीवासियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि भारी-भरकम बिजली बिल तो नियमित रूप से भेजे जा रहे हैं, लेकिन सुविधाएं नहीं मिल रही। अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति में लगे हैं और जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं हो रहा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर समाधान नहीं किया, तो बृहस्पतिवार को बिजली विभाग के कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर टिंकू, राजेश, कपिल, आजाद सिंह, चंद सिंह, नरेश कुमार, इंद्रावती, जोगिंदर, पवन, बिजेंदर, धर्मवीर, मनोज, साहिल, सुनील, सीमा, विजय, मंजू, नीलम, निर्मला देवी, शकुंतला, नरेंद्र, अनूप, राजेश, कुलदीप, संदीप सहित अनेक कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए कॉलोनी वासी।

### बाजारों में सन्नाटा, बिजली कटों से परेशानी

वहीं गर्मी के चलते दिन के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और सड़कों पर भी आवाजाही कम देखी गई। गर्म हवाओं और चिलचिलाती धूप ने लोगों की दिनचर्या पर खासा असर डाला। दुकानदारों ने बताया कि ग्राहकों की संख्या में भी गिरावट आई है। दूसरी ओर लगातार बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। लोगों को बाहर तेज गर्मी और लू चैन नहीं लेनी देती, वहीं घरों में बिजली कटों के चलते सुकून नहीं मिल रहा।

### 15 जून के बाद मौसम में बदलाव के आसार

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और लू से राहत की उम्मीद नहीं है। हालांकि 13 जून से मौसम के करवट लेने की संभावना है। अनुमान है कि 13 जून से राज्य में आंधी और गरज के साथ बौछारें शुरू हो सकती हैं। 15 जून के बाद यह गतिविधियां और तेज होंगी और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसके साथ ही 16 जून तक कई इलाकों में तेज हवा (40–50 किमी प्रति घंटा) चलने और गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

### लू से बचाव जरूरी

चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने, दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने और बाहर निकलते समय छाता या टोपी का प्रयोग करने की सलाह दी है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। लोगों को सलाह दी है कि गर्मी के इस दौर में दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं और हल्के, सूती कपड़े पहनें। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### तापमान में बढ़ोतरी संभव

*अभी तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में बढ़ोतरी संभव है। तीन दिनों के बाद आंशिक रूप से गर्मी से कुछ राहत मिल सकेगी। 15 के बाद बारिश की संभावना है।*
***-डॉ. प्रेमदीप, मौसम वैज्ञानिक, केवीके सोनीपत***

# करंट लगने से झुलसा ढाई साल का बच्चा

## निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुमासपुर के खेत में सोमवार देर शाम हुए हादसे दर्दनाक हादसे में ढाई साल के मासूम की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने मुरथल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में हंगामा कर दिया। परिजन बच्चे के शव को देने की मांग कर रहे थे। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को मामले की सूचना देने की बात कहते हुए शव देने से मना कर दिया। बाद में पुलिस ने परिजनों को शांत किया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



सोनीपत। मृतक बच्चे का फाइल फोटो।

गांव बामन उन्नाव उत्तर प्रदेश निवासी मुन्ना अहमद ने बताया कि वह 12 साल से गांव कुमासपुर में रहता है। वह गांव के खेतों में रहकर किसानी करता है। सोमवार देर शाम परिवार के सदस्य खेत में तोरई तोड़ रहे थे कि अचानक मुन्ना अहमद के ढाई साल के बेटे खुशनूर ने खेलते हुए बिजली का तार पकड़ लिया। तार से करंट लगने के कारण वह झुलस गया और बेसुध हो गया। परिवार के सदस्य उसे लेकर मुरथल रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां पर करीब एक घंटा उपचार के बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। हादसे के चलते अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना बहालगढ़ थाना पुलिस को दी।

### पोस्टमार्टम की बात सुनकर बिफरे परिजन

*बच्चे के परिजनों को जब मासूम की मौत होने का पता लगा तो उन्होंने शव देने की मांग की। चिकित्सक ने पुलिस को सूचना देने व पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने की बात कही तो वह हंगामा करने लगे और शव लेने पर अड़ गए। परिवार के सदस्य बिना पोस्टमार्टम करवाए शव लेकर जाने की बात कह रहे थे। इसी बीच बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत किया। पुलिस ने मंगलवार दोपहर को शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।*

### पिस्तौल के बल पर अपहरण कर युवक को पीटने का आरोप

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र में कार सवार युवकों पर दो युवकों का अपहरण कर बंधक बनाकर पीटने के आरोप का मामला सामने आया है। हमलावर युवकों को गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस ने तीन आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कटवाल निवासी अजमरे ने बताया कि वह गत आठ जून को विनोद और कृष्ण ने एक मोबाइल नंबर से बार-बार फोन कर उनका पता पूछा। वह अपने साथी सुभाष के साथ रात करीब 8:10 बजे जब वह रविंद्र ट्रेडर्स भट्ठा भैंसवाल के पास पहुंचे, तो एक सफेद गाड़ी ने उनकी बाइक का रास्ता रोक लिया। गाड़ी सवार विनोद और कृष्ण ने पिस्टल दिखाकर धमका कर उन्हें गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद वो उनको एक आफिस पर ले गए। जहां पर विनोद का मौसेरा भाई मौजूद था। वहां पर तीनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों ने गंडासी और रॉड से वार किए। उनके हाथ और पैरों पर चोट मारी। गंभीर हालत में आरोपित उनको छोड़कर भाग गए।

# मारपीट कर गाड़ी, मोबाइल फोन और रुपये छीनने वाले दो गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपितो को अदालत में किया पेश, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र में गाड़ी चालक से मारपीट कर मोबाइल, रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित मन्नू निवासी निम्बरी पानीपत हालत में कॉलोनी भारत नगर पानीपत, मंदीप निवासी पावटी पानीपत का है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

पिपरा बहराइज उत्तर प्रदेश निवासी संतोष ने 26 अक्टूबर 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह लुधियाना से कैंटर में सामान लोड करके गांधी नगर दिल्ली के लिए चला था। नेशनल हाइवे पर केएमपी केजीपी के पास खाना खाने रूक गया। वह अपनी गाड़ी में बैठा हुआ था। उसी दौरान सेल टैक्स विभाग से खुद को अधिकारी बताकर बिल ठीक न होने की जानकारी दी। उसके बाद उसे गाड़ी में बैठा लिया। उसकी गाड़ी को खुद लेकर चलने लगे। उसे एक घंटे तक घुमाते रहे उसके बाद खेत में उसके हाथ बांधकर फेंक दिया। उसकी गाड़ी, मोबाइल व नकदी लेकर फरार हो गए। किसी तरह चंगुल से छूटकर मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितो को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितो को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया।

## राठधना में लगेगा 30 एमएलडी का नया एसटीपी

# सीवरेज समस्या का होगा स्थायी समाधान

- 90 करोड़ रुपये की आएगी लगात, 8 जुलाई को खोला जाएगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर की वर्षों पुरानी सीवरेज जाम की समस्या का समाधान अब निकट नजर आ रहा है। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण ने राठधना गांव में 30 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस परियोजना पर लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत आएगी और आगामी 8 जुलाई को टेंडर खोला जाएगा। राठधना गांव में पहले से ही एक 30 एमएलडी क्षमता का एसटीपी कार्यरत है, लेकिन शहर की बढ़ती आबादी और जल-निकासी की बढ़ती मांग के चलते मौजूदा प्लांट पर लोड अत्यधिक बढ़ गया है। ऐसे में एक अतिरिक्त प्लांट की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। महानगर विकास प्राधिकरण के गठन के बाद इस दिशा में ठोस कार्रवाई शुरू की गई है। इसके साथ-साथ ककरोई रोड स्थित पुराने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को भी उसकी पूरी क्षमता पर चलाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं, जिससे शहर की समग्र जल-निकासी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। यह परियोजना न केवल बुनियादी नागरिक सुविधाओं को मजबूत करेगी, बल्कि स्वच्छता और सतत विकास के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

### अत्याधुनिक तकनीक से युक्त होगा एसटीपी

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, नया एसटीपी अत्याधुनिक तकनीक से युक्त होगा और इसमें शोधित पानी का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा औद्योगिक इकाइयों, हरित क्षेत्र और बागवानी के लिए पुनः उपयोग में लाया जा सकेगा। इससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि शहर के पर्यावरणीय संतुलन को भी मजबूती मिलेगी।

### शहरी आबादी को मिलेगा लाभ


इस परियोजना के पूरा होने के बाद जीटी रोड और रेलवे लाइन के बीच स्थित रिहायशी कॉलोनियों और सेक्टरों को सीवरेज जाम जैसी समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी। आधे से अधिक शहरी आबादी को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और नगर की जल निकासी व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा।



### 8 जुलाई को टेंडर खोला जाएगा


*राठधना गांव में 30 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस परियोजना पर लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत आएगी और आगामी 8 जुलाई को टेंडर खोला जाएगा।*
***-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत।***

| | |
|---|---|
| परियोजना की लागत | 90 करोड़ |
| प्लांट की क्षमता | 30 एमएलडी |
| निर्माण अवधि | 2 वर्ष |
| उद्देश्य | सीवरेज जाम से स्थायी राहत व शोधित जल का पुनः उपयोग |
| स्थान | राठधना गांव, सोनीपत |



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।



लाइफ Style

# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लम हैं और वो हिंदू।

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

*नई दिल्ली। इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*




**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।


**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।




**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।




*__समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :__ इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपत्ति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*




**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। पौधा लगाते परिजन।

### बच्ची की याद में अमरूद का पौधा रोपित किया

**सोनीपत।** मासूम बच्ची प्रासिता की मौत के 10 दिनों के बाद परिजनों ने बच्ची की याद में अमरूद का पौधा लगाया है। इस दौरान न्याय युद्ध एक मंच के संस्थापक देवेंद्र गौतम ने कहा कि यह पौधा केवल एक पौधा नहीं है। यह एक प्रतीक है उस संघर्ष, पीड़ा और न्याय की मांग का जो इन मां-बाप के दिल में जल रही है। बता दें कि बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने नागरिक अस्पताल प्रबंधन और पीजीआई प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए थे।
फोटो 10 एसएनपी 8. पौधा लगाते हुए परिजन।

### खेत में ट्रांसफार्मर से क्वाइल व तेल चोरी

**गोहाना।** गांव भावड़ से किसान सोमबीर के खेत में लगाए गए ट्रांसफार्मर से क्वाइल व तेल चोरी कर लिया गया। निगम के कथूरा सब डिवीजन के एसडीओ कपिल यादव की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सोमबीर ने खेत में सिंचाई के लिए बिजली निगम से कनेक्शन ले रखा है। निगम द्वारा वहां पर ट्रांसफार्मर लगाया गया था। ट्रांसफार्मर से क्वाइल व तेल चोरी होने की सूचना पर निगम की टीम मौके पर गई और जांच करके रिपोर्ट अधिकारियों को दी।

### 82 ने रक्तदान से दादा ढोला को किया नमन

**गोहाना।** मंगलवार को गांव बुटाना में दादा ढोला द्वार पर आयोजित वार्षिकोत्सव में रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। समारोह में 82 नागरिकों ने रक्तदान करके दादा ढोला को नमन किया। समारोह में बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान और जनता शिक्षण संस्थान बुटाना के अध्यक्ष अजीत सांगवान भी पहुंचे। मुख्य अतिथि कमेटी के प्रधान कुलबीर सांगवान और विशिष्ट अतिथि देवा नंबरदार थे। अध्यक्षता आशीष सांगवान ने की जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों राकेश, कुशल और नेत्रपाल व आर्मी से संदीप ने अपनी पत्नी सुमन और बड़े भाई रविंद्र के साथ रक्तदान का पुण्य बटोरा।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के 5 आरोपी दबोचे

**सोनीपत।** साइबर थाना सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि ठगने के पांच ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल, रोहित, कपिल व प्रमोद, हिमांशु निवासी इंदौर मध्यप्रदेश के है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया। उनके पास से दो लाख रुपये की राशि व वारदात में प्रयुक्त फोन बरामद किए है। आरोपितो की रिमांड अवधि पूरी होने पर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिशन चौक निवासी मनोज जैन ने गत 30 मई को पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई थी।

### डिजिटल प्रणाली ने शिक्षा पद्धति को बदला : प्रो. गिल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक एवं कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के वरिष्ठ प्रो. नसीब सिंह ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विवि द्वारा आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में बतौर रिसोर्स पर्सन विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि डिजिटल क्रांति न केवल हमारे शिक्षण विधियों को बदल रही है, बल्कि यह छात्रों के सीखने के अनुभव को भी समृद्ध कर रही है। हमें इस बदलाव को अपनाना होगा ताकि हम भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। प्रो. ने बताया कि कैसे डिजिटल युग ने शिक्षा के पारंपरिक ढांचे को चुनौती दी है और नई संभावनाओं को जन्म दिया है।

---

बुजुर्ग व मरीजों को समस्या कर करना पड़ रहा सामना

# नागरिक अस्पताल में लिफ्ट की खराबी से मरीज परेशान

## प्रबंधन ने खामी को ठीक करवाने का आश्वासन दिया

मरीजों को ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियों और रैंप का सहारा लेना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में लिफ्ट की खराबी के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को अस्पताल में लिफ्ट अचानक बंद हो जाने से मरीजों को ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियों और रैंप का सहारा लेना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग मरीजों व गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को उठानी पड़ी। मामला संज्ञान में आने पर प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द लिफ्ट में आई खामी को ठीक करवाने का आश्वासन दिया। बता दें कि नागरिक अस्पताल में प्रथम व द्वितीय तल पर जाने के लिए लिफ्ट है। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ कर्मचारी तक तैनात किया गया है। ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके चलते लिफ्ट बंद हो गई। लिफ्ट बंद होने के कारण प्रथम व द्वितीय तल पर सर्जिकल वार्ड व मेडिकल वार्ड सहित, डायलिसिस सेंटर पर जाने वाले गंभीर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों को वार्ड में लेकर जाने के लिए परिजनों ने व्हील चेयर को धक्के मारने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं प्रबंधन की तरफ से रेबीज का इंजेक्शन की पर्ची कटवाने व मेडिकल प्रमाण-पत्र, आर्म्स लाइसेंस की फीस कटवाने के लिए द्वितीय तल पर आवेदकों का जाना पड़ता है। मरीजों को सीढ़ियों रैम्प का सहारा लेना पड़ रहा है। लिफ्ट खराब होने की जानकारी अस्पताल प्रबंधन तक पहुंची। जिसके बाद जल्द से जल्द लिफ्ट को ठीक करने का आश्वासन प्रबंधन की तरफ से दिया गया है।





बंद पड़ी लिफ्ट व रैम्प से मरीज को व्हीलचेयर पर ऊपरी मंजिल पर लेकर जाते हुए।

### जल्द ठीक होगी लिफ्ट

*लिफ्ट खराब होने की जानकारी मिल चुकी है। मामला संज्ञान में आने के तुरंत बाद लिफ्ट की देखरेख करने वाली कंपनी को अवगत करवाया गया है। उम्मीद है कंपनी के इंजीनियर जल्द अस्पताल में पहुंचकर लिफ्ट ठीक करने का काम करेंगे। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।*
**-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

### मरीजों की परेशानी

- बुजुर्ग व बच्चों को सीढ़ियों और रैंप से चढ़ने में कठिनाई हो रही है।
- मरीजों को ऊपरी मंजिल पर पहुंचने में काफी समय लग रहा है।
- लिफ्ट की खराबी के कारण मरीजों की असुविधा बढ़ रही है।
- बुजुर्ग मरीजों को सीढ़ियों पर चढ़ने में थकान हो रही है।
- छोटे बच्चों को लेकर आने वाले मरीजों को परेशानी हो रही है।
- मरीजों को आधे रास्ते में बैठकर आराम करने की जरूरत महसूस हो रही है।

---

# एग्जीक्यूटिव कौंसिल की बैठक में पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



- कई असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसरों को मिली पदोन्नति

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में मंगलवार को एग्जीक्यूटिव कौंसिल की 84वीं बैठक सम्पन्न हो गई। बैठक की अध्यक्षता विवि की कुलपति व एग्जीक्यूटिव काउंसिल की चेयरपर्सन प्रो. सुदेश ने की।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रो. सुदेश ने बताया कि इस बैठक में मुख्य एजेंडा के रूप में सभी शिक्षकवृंद के लिए पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर लग गई है। आगामी शैक्षणिक सत्र से अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर महिला विवि में भी फाइव डे वर्किंग रहेगा। इसके अतिरिक्त कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अंतर्गत अंग्रेजी विभाग की डॉ. डेजी और डॉ. अजित सिंह को एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. नीतिका को असिस्टेंट प्रो.से एसोसिएट प्रो.के पद पर पदोन्नति दी है। डॉ. वरुणा तहलान दहिया और डॉ. सरला को एसोसिएट प्रो.से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली है। सामाजिक कार्य विभाग से डॉ. मंजू पंवार को एसोसिएट प्रो.से प्रोफेसर के पद पर और डॉ. ज्ञान मेहरा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली। इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सुनीता को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. विनोद सरोहा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### लूट का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**सोनीपत।** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी बाघड़ू सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। वेस्ट राम नगर निवासी रविंद्र ने 25 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने किसी निजी काम के लिए रोहतक सोनीपत फ्लाईओवर के पास गोदाम पर गया था। वह अपने फोन कॉलर से बातचीत करते हुए जा रहा था। उसी दौरान बाइक पर आए दो लड़कों ने उसके साथ से फोन झपट लिया। दोनों बाइक पर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

### कंपनी से लौट रही युवती का मोबाइल छीना, केस

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में कंपनी से लौट रही युवती से फोन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मौके पर डायल-112 पर कॉल कर मदद मांगने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं आया। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। शहर के वेस्ट राम नगर निवासी प्रीति ने बताया कि वह कुंडली स्थित कंपनी में काम करती है। गत सोमवार देर शाम को वह कंपनी से वापस घर लौट रही थी। वह कंपनी से पैदल पैदल आटो पकड़ने के लिए स्टैंड पर जा रही थी। जब कुंडली नगरपालिका के पास पहुंची तो बाइक पर सवार दो युवक उसका एप्पल का फोन झपट लिया।

---

### प्रताप स्कूल जयेश ने जीता स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** बहादुरगढ़ में आयोजित हरियाणा कराटे टीम चयन ट्रायल में प्रताप सिंह मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा के छात्र जयेश ने कैडेट वर्ग (–70 किग्रा) में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि के आधार पर जयेश का चयन 11 से 15 जून 2025 तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विद्यालय में जयेश का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी श्री ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कोच जगमेन्द्र पांचाल एवं अभिभावकों ने उसे बधाई दी। ओमप्रकाश दहिया ने जानकारी दी कि जयेश पूर्व में भी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है।



खरखौदा। जयेश का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन। *फोटो : हरिभूमि*



समापन अवसर पर प्रतिभागियों के साथ पाठशाला संचालक एवं अन्य।

### तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा संचालित स्नेह पाठशाला, गुरुद्वारा सेक्टर-15 में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का सोमवार को सफल समापन हुआ। यह पाठशाला पिछले छह वर्षों से गुरुद्वारे के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसमें स्थानीय कॉलोनियों के 100 बच्चे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा बच्चों के बैठने के लिए हॉल, पानी आदि की सुविधा प्रदान की जाती है। पाठशाला का संचालन कर रही शिवानी ने बताया कि समर कैंप बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। पहले दिन नृत्य कक्षा, दूसरे दिन खेलकूद और तीसरे दिन योग सत्र का आयोजन हुआ। तीनों दिन बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरे जोश के साथ भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए प्रतिदिन रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था की गई। बच्चों ने न केवल अपनी प्रतिभाओं को निखारा बल्कि आत्मविश्वास के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर मनोरंजन का भी आनंद लिया। समापन अवसर पर सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

### कबीर प्रकटोत्सव दिवस पर लगाई छबील

**सोनीपत।** श्री सतगुरु भरतूशाह आश्रम कबीर चौरा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। प्रातः 10:00 बजे से राहगीरों वह आगंतुकों के लिए मीठा पानी वितरित किया गया। इस मौके पर आश्रम कार्यकारिणी के सभी सदस्यों द्वारा सेवा सहयोग किया गया। मेयर राजीव जैन द्वारा इस छबील में पहुंचकर सतगुरु साहिब के चरणों में आशीर्वाद लिया व सेवा में सहयोग किया। इस मौके पर आश्रम प्रबंधन समिति के प्रधान पवन सोलंकी, दीपक सैनी, अमित लकड़ा, सूरजभान इंदौरा, जगदीश चंद्र, ओम प्रकाश सरोहा, विनोद नंगल व आश्रम साध संगत सेवा दल आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। मीठे पानी की छबील के जरिए लोगों की प्यास बुझाते हुए।



खरखौदा। छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाते युवक।

### छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास

**खरखौदा।** पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गोपालपुर मार्ग पर मीठे ठंडे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई गई। गर्मी के प्रकोप के लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में शहर के पुण्यात्मा लोगों द्वारा छबील लगाकर पुण्य का कार्य किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता अजीत गोपालपुर ने बताया कि गर्मी में तापमान की अधिकता होने के कारण ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य किया गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलती है। ऐसे अवसरों पर आयोजन करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। इस आयोजन में तुषार गोपालपुर ,जतिन, प्रवीण रोहणा द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

---



गोहाना। शिविर में अतिथियों व वक्ताओं के साथ शिक्षक।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड कथूरा के अंतर्गत गांव गुढ़ा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। हरियाणा निपुण मिशन के तहत एफएलएन एफएलएन, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता विषय पर आधारित इस शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जितेंद्र गौड़ ने किया। बीईओ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी अध्यापकों को एफएलएन प्रशिक्षण को गहनता से सीख कर विद्यालयों में अमल लाने का आह्वान किया। एफएलएन को-ऑर्डिनेटर संदीप ने बताया कि शिविर में खंड कथूरा के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 40 शिक्षक भाग ले रहे हैं । मास्टर ट्रेनर संगीता, सपना और ज्योति ने प्राथमिक शिक्षकों से विभिन्न गतिविधियां करवाई जिससे विद्यार्थियों के अंदर सृजनात्मक विचारों का संचार हो सके। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण मौजूद रहे।

# कंपनी के गैस टैंकर से गैस चोरी करने के आरोप में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

क्राइम यूनिट गन्नौर की पुलिस टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ मिलकर इंडेन कंपनी के गैस टैंकर से अवैध रूप से गैस चोरी करने के मामले में दो चालकों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में टैंकर चालक गोविंद व संजय निवासी बेगुसराय बिहार, कर्ण व सलेंद्र निवासी मैनपुरी उत्तरप्रदेश शामिल हैं। पुलिस को 10 जून को सूचना मिली थी कि दिल्ली से पानीपत की ओर जाने वाले एनएच-44 पर स्थित शिव गंगा ढाबा पर गैस टैंकरों से 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडरों में गैस भरकर काला बाजारी की जा रही है। सूचना पर निरीक्षक संदीप कुमार व उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने छापेमारी की। मौके पर दो टैंकरों से चार नालियों के जरिये गैस भरते हुए चार व्यक्ति मिले। टीम ने मौके से 70 गैस सिलेंडर भरे,खाली व एक इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद किया। आरोपितों के खिलाफ थाना बड़ी में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सभी को अदालत में पेश किया जाएगा।



गन्नौर। थाना बड़ी में जब्त किया गया इंडेन कंपनी का गैस टैंकर। *फोटो : हरिभूमि*



गोहाना। प्रतिभागी शिक्षक प्रशिक्षकों व अधिकारियों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### पांच दिवसीय शिविर का आयोजन

**गोहाना।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत खन्दराई स्थित राजकीय वमावि में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता विषय पर चल रहे पांच दिवसीय शिविर का मंगलवार को दूसरा दिन था। यह शिविर खंड संसाधन समन्वयक राजकुमार पंघाल की अध्यक्षता एवं विद्यालय के प्राचार्य लवल किशोर के नेतृत्व में 13 जून तक चलेगा। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन बैच-1 एवं बैच-2 के तहत खंड मुंडलाना सहित अन्य जिलों के प्राथमिक अध्यापकों ने प्रतिभागिता की। शिविर में शिक्षकों को एनसीएफ-एफएस के तहत शिक्षक संदर्शिका एवं पाठ्य पुस्तकों के प्रभावी उपयोग, कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के टीएलएम से प्रत्यक्ष रूबरू होकर उनका बेहतर उपयोग जानना, हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषय पढ़ाने हेतु नवीन शिक्षण विधियों की जानकारी एवं बुनियादी शिक्षा के लिए निपुण दक्षताओं को मजबूत बनाने संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में शिक्षकों का मार्गदर्शन करने 20वां मील से डॉ. राकेश कौशिक व डॉ. संदीप मालिक पहुंचे। इस अवसर पर बीआरपी एवं एबीआरसी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

---

**कार्यक्रम** | कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ किया संवाद

# धान की सीधी बिजाई, प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन व पीएम किसान निधि योजना की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को गांव बरोदा मोर, बरोदा ठुठान और खानपुद खुर्द में किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों से अवगत कराना था, ताकि वे अपनी खेती को अधिक टिकाऊ और उत्पादक बना सकें।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नयन अहमद, पूसा ने मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने किसानों को बताया कि स्वस्थ मिट्टी ही उच्च गुणवत्ता वाली फसल की नींव है। वरिष्ठवैज्ञानिक डॉ. प्रगति प्रमाणिक ने धान की फसल के अवशेष प्रबंधन पर अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ डॉ. अदिति कुंडू ने प्राकृतिक खेती के लाभों पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक डॉ. अर्जुन सिंह ने धान की सीधी बिजाई तकनीक और इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने धान की नई किस्मो पूसा बासमती 1979 और पूसा बासमती 1985 के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी डॉ. संदीप आंतिल ने किसानों बताया कि धान की सीधी बिजाई जल संरक्षण के लिए आवश्यक है। एएसडीओ गोहाना डॉ. राजेंद्र मेहरा ने धान की सीधी बिजाई, प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन और पीएम किसान निधि योजना की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों ने वैज्ञानिकों के साथ अपने अनुभव और चुनौतियां साझा की।



गोहाना। कृषि वैज्ञानिक कार्यक्रम में किसानों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



खरखौदा। वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकारी को पुष्पगुच्छ देते सदस्य।

### अश्वनी व नवीन सदस्य नियुक्त

**खरखौदा।** गांव पिपली निवासी एवं गरीब कल्याण संस्था के अध्यक्ष अश्वनी कौशिक तथा गांव झरोठ निवासी एडवोकेट नवीन कुमार को सरकार ने वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण न्यायाधिकरण का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किया है। सदस्य मनोनीत किए जाने के बाद दोनों सदस्यों ने मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकारी एवं एसडीएम डॉ निर्मल नागर को अपना उपस्थिति पत्र सौंपकर उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों सदस्यों ने अपने उपस्थिति पत्र में भरोसा दिलाया कि आमजन के मामलों की पूर्ण जांच पड़ताल करके बिना किसी प्रकार का भेदभाव किए निर्णय करने में वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकारी का पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। न्यायाधीकरण के उद्देश्य व अधिकार क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए अश्वनी कौशिक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण न्यायाधिकरण कानूनी निकाय के तहत वरिष्ठ नागरिक अपने बच्चों, रिश्तेदारों से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उत्कर्ष निवासी प्याऊ मनियारी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

एक महिला ने आठ मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, उन्हें जानकारी मिली कि उत्कर्ष नाम के युवक ने उसकी बेटी को अगवा कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

### वाहनों का गलत चालान करने का लगाया आरोप

**खरखौदा।** क्षेत्र के कई ट्रक मालिकों ने खरखौदा थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें उनके ट्रकों के गलत चालान करने का आरोप लगाया है। ट्रक मालिकों का कहना है कि उनके ट्रक खरखौदा क्षेत्र में नहीं थे, फिर भी उनका आरटीओ के स्टाफ द्वारा केएमपी पुल के नीचे खड़े होकर चालान कर दिया, फोन पर मैसेज आने पर वह मौके पर पहुंचे और अब थाने में आकर शिकायत दी है।

### सड़क दुघर्टना में घायल युवक की मौत

**खरखौदा।** खरखौदा - दिल्ली मार्ग पर सैदपुर में तेज रफ्तार कैंटर ने दो बाइकों को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर बैठे चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पीजीआई , रोहतक ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद एक युवक सचिन को मृत घोषित कर दिया वहीं तीन अन्य का इलाज चल रहा है। रामपुर-कुंडल के रहने वाले मुकुल का कहना है कि रविवार की शाम को वह अपने साथी विकास के साथ खरखौदा से गांव की तरफ आ रहा था, वहीं दो अन्य साथी कुंडल का आशीष व रायपुर का सचिन भी अपनी बाइक के साथ उनके साथ चल रहे थे। सैदपुर की तरफ चले तो पीछे से एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइकों को टक्कर मार दी।

### युवक से मारपीट कर पेट में घोंपा चाकू, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव रभड़ा से शहर में साथी के साथ मोबाइल लेने आए युवक से मारपीट की और उसके पेट में चाकू घोंप दिया। हमलावरों ने बाइक रुकवाकर घटना को अंजाम दिया। युवक ने शोर मचाया तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। युवक को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। शहर थाना में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

### ट्राले ने मारी टक्कर, आरोपी को 6 माह की सजा

**खरखौदा।** ट्राला चालक द्वारा सेंट्रो कार को टक्कर मारने व उसकी चपेट में एक स्कूटी सवार घायल मामले में चल रहे केस में अब न्यायाधीश विक्रांत ने आरोपी को सजा सुनाई है। आरोपी को 6 महीने की सजा और 16000 रुपए जुर्माना लगाया है।

## निपुण हरियाणा मिशन के तहत पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

# प्रारंभ हुआ एफएलएन प्रशिक्षण, 2300 से अधिक प्राथमिक अध्यापक होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारीगण साथ में प्रतिभागी।

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिले में प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिले के सातों खंडों खरखौदा, राई, गन्नौर, गोहाना, मुंडलाना, सोनीपत और खानपुर खंड में संचालित हो रहा है। एनएलएन प्रशिक्षण की शुरुआत 4 जून 2025 को खरखोदा, राई और गन्नौर खंडों में की गई थी। 9 जून से शेष चार खंडों में भी यह प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इस व्यापक कार्यक्रम में जिले के लगभग 1800 प्राथमिक अध्यापक भाग ले रहे हैं, जबकि अन्य जिलों से आए 762 अध्यापकों को भी सोनीपत के विभिन्न केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सोनीपत के 234 अध्यापक अन्य जिलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बता दें कि एफएलएन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को भाषा और गणना की मजबूत नींव देना है, ताकि वे आगे की पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। यह प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों की क्षमताओं को बढ़ाता है, बल्कि बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की दिशा भी तय करता है। जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को यह समझाया जा रहा है कि किस प्रकार शिक्षक संदर्शिका और प्रशिक्षण मॉड्यूल का समन्वय स्थापित कर बच्चों की नींव को मजबूत किया जा सकता है।

### शिक्षा अधिकारी ने किया दौरा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना ने गढ़ी ब्राह्मण स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण शिविर का दौरा किया और अध्यापकों को प्रोत्साहित किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को कक्षा शिक्षण में समर्पणपूर्वक लागू करें। विद्यालय के प्राचार्य अतुल खट्टर ने भी सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रशिक्षण में मिले अनुभवों को व्यवहार में लाने की अपील की। इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज सुनील कुमार, मास्टर ट्रेनर्स मनोज कुंडू, सुनीता, मोनिका दहिया, मंजू, अंजू, परमजीत, ममता, स्नेह लता, संजीव रावल, संगीता सहित अनेक अधिकारी और प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### 80 मास्टर ट्रेनर्स की टीम देगी प्रशिक्षण

*इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए करनाल से प्रशिक्षित होकर आई करीब 80 मास्टर ट्रेनर्स की टीम प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। अध्यापकों को न केवल शिक्षण की नई तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है, बल्कि शिक्षण अधिगम आधारित टूल्स, गतिविधि आधारित अधिगम, और नवाचारों के प्रयोग की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है।*

# मुरथल विवि में स्विमिंग पूल निर्माण में करोड़ों का घोटाला

**एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुरू की जांच**

- शिकायतकर्ता पीपी कपूर ने सबूतों सहित दर्ज कराया बयान, दोषियों पर केस दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** पीपी कपूर को भेजा गया पत्र।

दीन बंधु छोटूराम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में बने स्विमिंग पूल के निर्माण कार्य में करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ है। इस मामले में अब एंटी करप्शन ब्यूरो ने जांच शुरू कर दी है। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो उपकेंद्र में जांच अधिकारी उप निरीक्षक जगजीत सिंह को दस्तावेजों सहित अपना बयान दर्ज कराया। कपूर ने सभी दोषी अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। पीपी कपूर ने बताया कि उन्होंने 3 अप्रैल 2021 को तत्कालीन स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के टोल फ्री नंबर पर शिकायत की थी, जिसमें विश्वविद्यालय के स्विमिंग पूल निर्माण कार्य में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगाए गए थे। करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत से बना यह स्विमिंग पूल पांच वर्ष पहले बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन भ्रष्टाचार की आशंका के चलते अभी तक चालू नहीं किया गया है और अब इसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है। कपूर का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो इस प्रोजेक्ट में एक करोड़ से अधिक का घोटाला सामने आ सकता है और कई जिम्मेदार अधिकारी जेल जा सकते हैं। उन्होंने तत्कालीन कार्यकारी अभियंता बलबीर श्योकंद पर भी गंभीर आरोप लगाए, जिनकी इस घोटाले में कथित अहम भूमिका रही।

### ये लगाए आरोप

*कपूर के अनुसार, स्विमिंग पूल निर्माण के ठेके में वर्क ऑर्डर के मुताबिक प्रज्ञा मॉडल के तीन वाटर फिल्टर, प्रत्येक की कीमत 10,82,174 के हिसाब से लगाए जाने थे। लेकिन मौके पर इमौक्स नामक लोकल कंपनी के सस्ते फिल्टर 3.20 लाख प्रति पीस के हिसाब से लगाए गए। कुल मिलाकर लगभग 9.6 लाख की लागत के फिल्टर लगाने के बावजूद मेजरमेंट बुक में 32.86 लाख दर्शाए गए, जिससे करीब 23 लाख रुपये का घोटाला हुआ। घोटाले का भंडाफोड़ होते ही ठेकेदार की 40 प्रतिशत भुगतान रोक दी गई। कपूर ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण सामग्री की दरों को तय करते समय डीएनआईटी (डिटेल्ड नोटिस इनवाइटिंग टेंडर) में भी भारी अनियमितताएं बरती गईं। रेट तय करने वाली टीम ने बाजार से चार गुना अधिक दरें तय कर पीवीसी पाइप, वॉल्व बैटरी, पंप आदि उपकरणों की खरीद में घोटाला किया।*

# पुरखास गांव में 495 बच्चों ने करवाई जांच

- बाल क्षय रोग जांच एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** मेयर राजीव का पौधे सहित गमला देकर सम्मान करते डा. एन के मित्तल।

पुरखास गांव में बाल क्षय रोग जांच एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ निगम मेयर राजीव जैन, सिटी मैनिस्ट्रैट डा. अनमोल व भाजपा नेता ललित बत्रा ने गांव के सरपंच व गणमान्य लोगों के सहयोग से शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर का आयोजन सोनीपत सिविलि अस्पताल के तत्वावधान में मित्तल नर्सिंग होम के संचालक डा. एन के मित्तल द्वारा किया गया। शिविर में आसपास के गांवों के अलावा ईट- भट्टों से मजदूरों के बच्चे सहित 495 बच्चों के स्वास्थय की जांच कर निशुल्क दवाईयां दी गई। इसके अलावा निशुल्क एक्सरे 'योति व आशु ने किए। शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. तरूण यादव, पीएचसी पुरखास से डा. सुधाशु, बाल रोग विशेषज्ञ डा. नरेन्द्र मितल व डा. निशांत मित्तल, डा. जोगेन्द्र धनखड़ आदि ने शिविर में बच्चों के स्वास्थय की जांच कर दवाईयां दी। शिविर की व्यवस्था गांव के भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा की अध्यक्ष मंजू शर्मा, प्रवीन सिंघल, डा. जोगेन्द्र शर्मा, प्रीतम आहुजा, पूनम सिंघल, सुबोध कुमार, सरपंच सुनील व सरपंच बहादुर, पूर्व सरपंच उमेद, सतनारायण शर्मा, राकेश गुलिया आदि ने संभाली। डा. एन के मित्तल ने बताया कि यह प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के हिस्से के तहत शिविर लगाया है। जिसका उद्श्य समय रहते टीबी का पता लगाकर उसे जड़ से खत्म करना है। शिविर में निशुल्क चिकित्सा परामर्श, टीबी लक्षण, स्क्रीनिंग, सामान्य जांच, टीबी जागरूकता और परामर्श दिया गया है। डा. मित्तल ने बताया कि समग्र टी बी देखभाल के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता के तहत एक हजार से अधिक टीबी रोगियों को पोषण सहायता भी प्रदान कर रहे है। ग्रामीणों ने पैतृक गांव में चिकित्सा शिविर के आयोजन पर अपने गांव के चिकित्सक डा. मित्तल की सराहना की।

### पशु चराने के विवाद में राजस्थान के चरवाहों ने ग्रामीणों को पीटा

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 के पास पशु चराने के विवाद में राजस्थान के चरवाहों ने ग्रामीणों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि चरवाहों ने पहले एक डेयरी संचालक को पीटा था। झगड़े की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। उसके बाद घायलों का अस्पताल में उपचार करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव फाजिलपुर निवासी कृष्ण ने बताया कि उसका बड़ा भाई हवा सिंह भैंसें चराने के लिए सेक्टर-5 के पास गया हुआ था। वहीं राजस्थान से भेड़ चराने आए कुछ राजस्थानी भी अपनी भेड़ लेकर पहुंच गए। इस दौरान भेड़ों को कहीं और चराने को कहा तो कहासुनी हो गई। इसके बाद चरवाहों ने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। हवासिंह ने तुरंत अपने बेटे राकेश को फोन करके मदद के लिए बुलाया।

# सुविधाः नागरिक अस्पताल में बच्चों के रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटर की सुविधा

- बच्चों के साथ परिजनों को रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लंबी लाइन से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



### गर्मी में राहत मिलेगी

*प्रबंधन की तरफ से समस्या को देखते हुए कमरा नंबर 18 नंबर पंजीकरण काउंटर में गर्भवती महिलाओं को बच्चों की भी पंजीकरण सुविधा को शुरू किया गया है। बच्चों के अभिभावकों को लंबी कतार व गर्मी में राहत मिलेगी।*

*-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।*

नागरिक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। प्रबंधन की तरफ से 0 से 12 साल तक के बच्चों के इलाज के लिए अस्पताल में रजिस्ट्रेशन की अलग से व्यवस्था की गई है। प्रबंधन की तरफ से गर्भवती काउंटर पर बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए है। ताकि बच्चों के साथ परिजनों को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइनों में न लगना पड़े। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में दो हजार से ज्यादा ओपीडी रजिस्ट्रेशन संख्या है। जिनमें करीब ढाई सौ बच्चें उपचार के लिए अस्पताल में प्रतिदिन आ रहे है। बच्चों के परिजनों को ओपीडी में उपचार के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लंबी लाइनों में लगना पड़ता था। साथ ही गर्मी का मौसम होने के चलते बच्चों के ज्यादा बीमार होने का खतरा बना रहता था। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से गर्भवती महिलाओं के लिए बनाएं काउंटर नंबर-18 से बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने का फैसला लिया है। प्रबंधन की तरफ से उक्त सुविधा को शुरू कर दिया है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जानकारी देती मुख्य वक्ता।

### गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रबंधन तथा टैली प्राइम में व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रबंधन तथा टैली प्राइम में व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इस विषय में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर चौधरी इंडस्ट्रीज की क्यूएमएस सुपरवाइजर भारती काकरान मुख्य वक्ता रही। उन्होंने गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की मूल बातों से अवगत करवाया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने इस शुरुआत का स्वागत करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अधिकाधिक लाभ उठायें।

# गांधी नगर एक्सटेंशन-2 में 4 करोड़ 23 लाख की लागत से बनेंगी गलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर की हाल ही में नियमित हुई गांधी नगर एक्सटेंशन-2 में 4 करोड 23 लाख रुपये की लागत से गलियों व नालियों का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए नगरपालिका ने टेंडर लगाया जा चुका है। इस कालोनी में लोग विकास कार्यों को तरस रहे थे, क्योंकि इनमें न तो गलियों का निर्माण किया जा रहा था और न ही पहले बन चुकी गलियों को रिपेयर करवाया जा रहा था। ऐसे में इस कालोनी में रहने वाले लोगों को खाली प्लाटों में दूषित पानी को छोड़ा जा रहा है। गलियों का निर्माण न होने की वजह से अवाजाही भी प्रभावित रहती है। वर्षा के बाद यहां गलियों में कीचड़ फैल जाता है। जिससे यहां से निकलना भी दुर्भर हो जाता है। अब इन कालोनी में विकास कार्य शुरू होंगे तो इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### जल्द मिलेगा लाभ : चेयरमैन



*नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि सरकार ने शहर में गांधी नगर एक्सटेंशन 2 हाल ही में अवैध से वैध हुई है। इस कालोनी में गली व नालियों के निर्माण के लिए टेंडर लगाया जा चुका है। टेंडर अलाट होने के बाद जल्द से जल्द गलियों का निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा। कालोनी में गली व नाली निर्माण के बाद लोगों को इसका लाभ मिलेगा। पानी निकासी की समस्या का समाधान होने के साथ ही पक्की गलियों में आवाजाही सुगम होगी।*



**गोहाना।** बैठक को संबोधित करते हुए सीटू नेता आनंद शर्मा।

### आशा वर्कर्स की बैठक का आयोजन

**गोहाना।** मंगलवार को शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में आशा वर्कर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की गई। अध्यक्षता मनीषा शामड़ी ने की और संचालन मंजू ने किया। मुख्य वक्ता सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि सरकार परियोजना वर्कर्स और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे। जब तक इनको पक्का नहीं किया जाता तब तक 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए। सरकार लेबर कोड रद्द करे, सभी श्रम कानूनों को उद्योगों एवं सरकारी क्षेत्र में सख्ती से लागू किया जाए। आनंद शर्मा ने कहा कि पिछले 11 साल से मजदूरों के न्यूनतम वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं गई है, श्रम कानूनों को कारपोरेट के पक्ष में बदला जा रहा है और 44 श्रम कानूनों को चार कोड में बदल दिया गया है जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल आयोजित होगी जिसमें कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग उठाई जाएगी। इस हड़ताल में देशभर से भारी तादाद में कर्मचारी भाग लेंगे। बैठक को मनीषा, अनीता और सुमन सैनी ने भी संबोधित किया।

**जागरूकता** | विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को कृषि वैज्ञानिक व कृषि विशेषज्ञों ने किया जागरूक

# प्राकृतिक खेती अपनाओ-जीवन, पृथ्वी, जल और वातावरण बचाओ : डॉ. परमिंदर सिंह

राजपुर सहित आधा दर्जन गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को जागरूक करते डा. परमिंदर व अन्य।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जगदीशपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गांव राजपुर सहित आधा दर्जन गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। टीम समन्वयक एवं वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर सिंह ने किसानों को बताया कि प्रदेश सरकार एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 10000 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को देसी गाय की 30000 सहायता ड्रम के लिए 3000 के अतिरिक्त मार्केटिंग एवं प्रचार प्रसार के लिए प्रति किसान 20000 देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती खाद्य सुरक्षा, किसानों के संकट और भोजन और पानी में कीटनाशक एवं उर्वरक अवशेषों, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. केके गंगोपाध्याय ने उन्नत तकनीक द्वारा सब्जी उत्पादन, प्लास्टिक मल्च के साथ ड्रिप इरीगेशन, ट्राईकोडर्मा और राइजोबियम द्वारा बीजोपचार की जानकारी दी। डॉ. श्रुति सेठी ने किसानों को कटाई उपरांत फसलों के पर संस्करण की जानकारी दी फल एवं सब्जी की भंडारण अवधि बढ़ाने के लिए शीत कक्ष की जानकारी दी। इसके साथ-साथ डेयरी एवं बाजरे के विभिन्न पर संस्कृत उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी।

### 25 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया

*डॉ. नीतू ने कीट नाशकों के सुरक्षित इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कीटनाशक की सुरक्षा दुकानदार से खरीदते समय से ही शुरू करनी चाहिए। डॉक्टर प्रनिता जायसवाल ने किसानों को जैवउर्वरकों के बारे में जानकारी दी तथा धान की खेती में नील हरित शैवाल एवं अजोला के उपयोगिता के बारे में बताया जिससे रासायनिक खाद के इस्तेमाल में धीरे-धीरे कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके इस्तेमाल से 20 से 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रति सीजन नाइट्रोजन की बचत की जा सकती है। कृषि विकास अधिकारी विनायकांत ने किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौर, मेरा पानी मेरी विरासत धान की सीधी विजई फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी। इस अवसर पर तीनों गांव राजपुर, कामी और भुर्री के लगभग 420 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 25 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया।*

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है

भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं
आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
विस्तृत बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें :-
हरिभूमि कार्यालय
बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9034240065, 9253681005